जिलास्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों एवं ई-फाइल का समयबद्ध डिस्पोजल करने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल, ई-फाईल डिस्पोजल में समय कम लगाने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के संबंध में सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की भू आवंटन की प्रगति अपलोड़ करवायें। उन्होंने बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ई-फाइलों का समय पर निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 12 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने शीतलहर के मध्यनजर गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, खुले बोरवेल एवं ट्यूबवेलों को बंद कर सर्टिफिकेट लेने, सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क दुर्घटनाएं कम करने के लिए आवश्यक गतिविधियां आयोजित करने तथा राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में हुए एमओयू के संबंध में आ रही समस्याओं का संबंधित विभाग द्वारा निस्तारण करने, हर्ष पर्वत पर पर्यटन संबंधित आधारभूत व्यवस्थाएं विकसित करने, रोडवेज डिपो में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, सीएसआर फंड के तहत खेलकूद की आधारभूत व्यवस्थाएं विकसित करने, पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना की प्रगति बढ़ाने, बजट घोषणा के तहत धोद एवं खंडेला में बनने वाले रोडवेज डिपो के लिए भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए सिर्फ योग्य एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रस्ताव ही भेजें जाए।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित ।

■ चाइनीज मांझा बेचने पर दर्ज होगा मुकदमा

चाइनीज मांझा बेचने पर दर्ज होगा मुकदमा:- जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि शहर में किसी भी दुकानदार के पास चाइनीज मांझे का स्टॉक मिलने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने सीएमओ एवं लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी भावना शर्मा, जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण जोशी,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी चुन्नी लाल भास्कर, डीईओ शीशराम कुलहरि, सीपीओ अरविन्द सामौर, उप निदेशक डॉ अनिल कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा

रतनगढ़,(निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा के निर्देशानुसार शहर अध्यक्ष तरुण चाकलान व देहात अध्यक्ष भानीराम मेघवाल के नेतृत्व में शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जो जनता के हितों पर कुठाराघात करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित सीकर सहित तीनों संभागों व 9 जिलों को निरस्त किया गया है उससे क्षेत्र सहित प्रदेश के विकाश को अवरुद्ध करने का जनविरोधी कृत्य किया गया है उसके विरोध में तहसील मुख्यालय, रतनगढ़ स्थित उपखण्ड कार्यालय में माननीय राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सीकर को पुन: संभाग का दर्जा देने की माँग की गई। उक्त विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेशचंद्र इंदौरिया पूर्व शहर अध्यक्ष अरविंद चाकलान, जिला महामंत्री सुरेंद्र हुड्डा, शहर संगठन महामंत्री रोहित लाटा, पूर्व चेयरमैन रमेश कुमावत, राजलदेसर मण्डल अध्यक्ष जब्बार खोखर, पार्षद राजेंद्र बबेरवाल, मुख्तियार खान, युधिष्ठिर जोशी, राजेश गहलोत, अब्बास गोरी, दिनेश कुमावत,जसकरण गौड़, निरंजन ताम्रायत महेंद्र सैनी, अजय बंसिया, रामवीर राईका,भागीरथ खीचड,सेहला मण्डल अध्यक्ष रणजीत खोत, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

सार-समाचार

श्रीमदभागवत कथा में उमड़ी भीड़

सादुलपुर, (निसं)। श्री रामदेव मन्दिर प्रांगण राजगढ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को दर्शकों की खूब भीड उमडी। शाम पांच बजे दी जानकारी में कथावाचक रमाकांत गोस्वामी महाराज ने मंगलवार को जरासंध की कथा विस्तृत रूप से सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान अपने-अपने भक्तों को बचाने के लिए अपने हाथ की सबसे छोटी अंगुली पर गिरिराज पर्वत को उठाकर भयंकर बारिश से बचा लिया। जिसमें सभी बृज वासियों ने डंडे और लाठियों से पर्वत को उठाने में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण सभी बृज वासियों को अपने परिवार सदस्यों की तरह मानते थे, कोई भेद नहीं करते थे, इसलिए हम सभी को भी जाति पाती के भेद को मिटाकर एकजूट होकर अपने राष्ट्र निर्माण और भारतीय सभ्यता और संस्कृति रहेगी। उन्होंने कहा कि ताकि इस राष्ट्र को विकसित, संस्कारित, सुरक्षित, शिक्षित और शक्तिशाली बनाया जा सके।

जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए

पाटन । मेहता हॉस्पिटल कोटपूतली के डायरेक्टर और युवा जनजाति समिति के संयोजक डॉक्टर दिलीप यादव ने अपनी बेटी शौर्वी के जन्मदिन पर एक अनूठी पहल की। डॉ दम्पति द्वारा पाटन कस्बे के निकट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छाजा की नांगल में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित कर बेटी का जन्मदिन मनाया । यह पहला मौका नहीं है जब डॉक्टर यादव ने इस तरह की पहल की है। पिछले वर्ष भी उन्होंने अपनी बेटी के जन्मदिन पर सरकारी विद्यालयों में स्वेटर वितरित कर, समाज सेवा के इस कार्य को जारी रखा था।

इतिहास विभाग की संगोष्ठी कार्यशाला आयोजित

रतनगढ़,(निसं) ।राजकीय महाविद्यालय,रतनगढ़ में इतिहास विभाग की संगोष्ठी और कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन भारतीय संस्कृति के मूल आधार विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ए के सक्सेना ने की।इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मरियम बानो ने मुख्य विषय का परिचय देते हुए भारतीय संस्कृति को महान बताया।

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच 9 जनवरी को

सीकर । चिकित्सा विभाग की ओर से 9 जनवरी को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इस दिन संस्थाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस माह में तीन बार मनाया जाता है। विभाग की ओर से 9, 18 व 27 तारीख को सभी चिकित्सा संस्थानों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए प्रत्येक माह विभाग की ओर से सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इसके तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एसडीएच और जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढवाल ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीसीटीएस पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही में प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर आवश्यक जांच के साथ साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन भी दिया जाएगा। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवा सकती है। इसके अलावा पूर्व की भांति सरकारी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क सोनोग्राफी जारी है। यह वाउचर एक माह तक वैलिड रहता है।

लोहा की बेटी का राजस्थान हैंडबॉल में चयन

रतनगढ़ । समाचार जगत ब्यूरो।जिले के हैंडबॉल भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र के कोच सुमन पूनिया ने जानकारी दी है कि साई सेंटर लोहा से राज कंवर पुत्री श्री सुरेन्द्र सिंह का 17 वर्षीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा युवा सेवा और खेल निदेशालय तेलंगाना में आयोजित हो रहे 68वें राष्ट्रीय स्कूल खेल हैंडबॉल प्रतियोगिता 17 वर्षीय में राजस्थान की टीम से राज कंवर अपने खेल का लोहा मनवायेगी। इस उपलब्धि पर बाल साध्वी हेमलता बाईराम, साई सेंटर के इंचार्ज अयूब खान लोहा गांव के सरपंच भंवरलाल पूनिया और पंचायत समिति सदस्य राजेश रुलानिया, पूर्व साई इंचार्ज कुलदीप व्यास, हैंडबॉल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि गौड़, सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक रवि गौड़, शिक्षक संघ अंबेडकर के जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल, सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं देकर खुशी मनाई।

राजस्थान में पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी व पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

■ नीमकाथाना पत्रकार समिति ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

पाटन । नीमकाथाना पत्रकार समिति ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की निष्पक्ष जांच व पत्रकार सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रधानमंत्री व राजस्थान में पत्रकारों को समाचार कवरेज के दौरान सुरक्षा एवं स्वतंत्रता सुनिश्चित करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम भागीरथ साख को ज्ञापन सौंपा हैं। सचिव मनीष टांक ने बताया कि बस्तर जिले के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हाल ही में हुई निर्मम हत्या ने पत्रकार समुदाय और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक को गहरे आघात में डाल दिया है। मुकेश चंद्राकर भ्रष्टाचार और अन्य सामाजिक मुद्दों को उजागर करने में सक्रिय थे। उनकी हत्या इस बात का स्पष्ट संकेत है कि समाज में सच्चाई की आवाज को दबाने के लिए हिंसा का सहारा लिया जा रहा है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। यदि सच्चाई को उजागर करने वाले पत्रकार सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही समाप्त हो जाएगी। इस घटना ने देश के पत्रकार समुदाय में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। समिति ने मांग की है कि मुकेश चंद्राकर की हत्या की सीबीआई या एसआईटी के माध्यम से निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस मामले में दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए। देश भर में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एक सशक्त कानून बनाया जाए। भ्रष्टाचार और सामाजिक बुराइयों को उजागर करने वाले पत्रकारों को सरकारी स्तर पर संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। इस घटना से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और उनके बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य की जिम्मेदारी सरकार द्वारा उठाई जाए। वहीं राजस्थान के समस्त पत्रकार एवं मीडियाकर्मी, आपको यह ज्ञापन सौंपते हुए गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि हाल ही में राज्य में पत्रकारों के साथ हुई घटनाओं ने हमारे स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्य पर गंभीर प्रभाव डाला है। विशेष रूप से, कोटपुतली में बोरवेल में गिरी बच्ची को रेस्क्यू और सरिस्का में बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की घटनाओं की कवरेज के दौरान प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस प्रकार की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पत्रकारों को समाचार कवरेज के दौरान सुरक्षा और स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

बस स्टैंड पर प्याऊ मय वाटर कूलर का उद्घाटन

सादुलपुर, (निस)। खारियाबास के बस स्टेण्ड पर मंगलवार को जाखड परिवार के स्वर्गीय चौधरी उम्मेदसिंह जाखड (मिस्त्री) की पुण्य स्मृति में उनके सुपौत्रों द्वारा विमला देवी की प्रेरणा से निर्मित प्याऊ मय वाटर कूलर का उद्घाटन उनकी सुपौत्री रिया चौधरी सुपौत्र मोहित जाखड के कर कमलों से गाँव के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिला ग्राम विकास संयोजक एवं आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने वैदिक वंदना प्रस्तुत कर वैदिक आर्ष ज्ञान साहित्य वैदिक संसार विशेषांक भेंट कर जल मंदिर से लोक सेवा की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं फौजी प्रमोद कुमार जाखड एएनएम गायत्री देवी एवं सुरजीतसिंह ने सभी का स्वागत कर आभार जताया तथा मुकेश मील ने सभी का तिलकार्चन किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर Advertisement - out of Home, Advertisement - on station premise Non- Digital, Advertisement - Train Exterior (Below window), parking ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है। **1) केटलॉग संख्या: Adv-OOH-BKN-28. कार्य का नाम व स्थान:** 1. Advertisement - out of Home at :- सादुलपुर, गजसिंहपुर,रामा, श्रीविजयनगर, रामपुरबेरी, राजलदेसर, बीकानेर, नोहर, अनुपगढ। 2. Advertisement - on station premise Non- Digital at भिवानी, सिरसा। **ई-ऑक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक: **09.01.2025** समय **15.30** बजे ई-ऑक्शन होगा। **2) केटलॉग संख्या: Adv-VW-BKN-04. कार्य का नाम व स्थान:** 1. Train No. 04702/01 LGH-ABS Special, 04771/72 BTI-APH SPL, 04783/84 BTI-SSA SPL, 14722/21 ABS-JU EXP (DAILY) 2. Train No. 04705/06 [SGNR- JP TOD SPL] SGNR-JP, 04753/54 [BTI- SGNR PASSENGER] BTI-SGNR, 04755/56 [BTI-SGNR PASSENGER] BTI- SGNR, 04765/66 [DUI-BTI PASSENGER] DUI-BTI, 14735/36 [SGNR- . UMB EXP] SGNR-UMB (Daily) 3. Train No. 14727/28 [SGNR TKJ EXP] SGNR -TKJ, 14737/38 [BHIWANI TKJ EXP] BNW-TKJ (Daily). 4. Train No. 04759/60 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04761/62 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04763/64 [SDLP-SGNR PASSENGER] SDLP-SGNR, 04767/68 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH- SGNR, 04769/70 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH-SGNR, 04773/74 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04775/76 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP-HMH, 04777/78 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP- HMH, 04779/80 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG (Daily). 5. Train No. 12439/40 [NED-SGNR EXP VIA HMH] NED-SGNR (Weekly), - 12485/86 [NED SGNR EXP] NED-SGNR (Twice in Week). **ई-ऑक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक: **10.01.2025** समय **15.30** बजे ई-ऑक्शन होगा। **EAPARKING 21-** भिवानी, सिरसा प्रथम प्रवेश द्वारा, गजसिंहपुर, जैतसर, हांसी रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड। **ई-ऑक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक: **15.01.2025** समय **11.00** बजे ई-ऑक्शन होगा। अन्य सूचना एवं नियम व शर्तो के लिये **I R E P S** की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लॉगिन करे।

20-AR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान चूरू जिले में बढ़े 25 हजार मतदाता

■ जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने प्रेस वार्ता कर दी फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी

चूरू । अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद मंगलवार को हुए अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 81 हजार 767 हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को डीओआईटी वीसी सभागार में हुई प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कुल 32 हजार 916 नाम मतदाता सूची में जोड़े गये तथा 7 हजार 914 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये गये। जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 में 14 हजार 807 पुरुष, 18 हजार 108 महिला व 01 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 32 हजार 916 मतदाताओं के नाम जोड़े गए तथा 4059 पुरुष एवं 3855 महिला मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए। अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में 8 लाख 74 हजार 151 पुरुष मतदाताओं, 8 लाख 07 हजार 605 महिला मतदाता एवं 11 तृतीय लिंग मतदाताओं सहित कुल 16 लाख 81 हजार 767 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाशित प्रारूप के अनुसार जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 130890 पुरुष व 122402 महिला, 01 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 253293 मतदाता, तारानगर विधानसभा क्षेत्र में 140168 पुरुष, 128883 महिला व 03 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 269054 मतदाता, सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में 164119 पुरुष, 149042 महिला व 03 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 313164 मतदाता, चूरू विधानसभा क्षेत्र में 135302 पुरुष, 127790 महिला व 02 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 263094 मतदाता, रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 147718 पुरुष, 136456 महिला व 01 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 284175 मतदाता तथा सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 155954 पुरुष, 143032 महिला व 01 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 298987 मतदाता पंजीकृत हैं। सुराणा ने बताया कि मंगलवार को हुए मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले का लिंगानुपात 924 हो गया है। इस प्रकार संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिले में लिंगानुपात में 5 की वृद्धि हुई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं निर्वाचन विभाग, राजस्थान-जयपुर द्वारा अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 निर्धारित किया गया था। उन्होंने बताया कि जिले में दिनांक 01 जनवरी, 2025 की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार लिंगानुपात 923 है, जिसके विरूद्ध मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं का दिनांक 07 जनवरी 2025 को लिंगानुपात 924 है।

छत्रर सिंह बोथरा परिवार ने की जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल की वितरित

राजलदेसर । राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से स्वर्गीय किरण देवी बाबूलाल बोथरा की स्मृति में उनके सुपुत्र छत्रर सिंह बोथरा के द्वारा 240 जरूरतमंद परिवार जनों को उच्च क्वालिटी की गरम कंबल वितरित की गई।

बाजोरिया सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कमलेश सैनी, बोथरा परिवार के प्रतिनिधि भेरूदान गीड़िया , भाजपा नगर अध्यक्ष पवन बोथरा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हीरालाल सोनी, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल,पूनम चंद्र गर्ग, शंकर लाल खडोलिया, दीनदयाल स्वामी आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने कहा और राजलदेसर युवा विकास समिति के प्रेरणा से भामाशाह छत्रर सिंह बोथरा परिवार की ओर से जो प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में जरूरतमंद परिवार जनों को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है बहुत पुण्य का कार्य है साथ ही उन्होंने राजलदेसर कस्बे में इसी तरह नरसेवा को नारायण सेवा की तरह कार्य करते रहने की बात कही । थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा राजलदेसर कस्बा भामाशाह की नगरी है यहां के भामाशाह प्रवासीगण अपनी मातृभूमि पर रहने वाले जरूरतमंद परिवार की इतनी चिंता रखते हैं जो कि प्रतिवर्ष कुछ न कुछ कार्यक्रम यहां पर आयोजित होते रहते हैं उन भामाशाह के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है उन्होंने बोथरा परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में कंबल वितरित करके बहुत ही पुण्य का कार्य किया है कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हीरालाल सोनी ने बोथरा परिवार की प्रशंसा की एवं राजलदेसर युवा विकास समिति के द्वारा कस्बे में कराए जा रहे हैं कार्यों की प्रशंसा की ।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959
की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 2/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूकिं श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी, ग्राम रूकनसर तहसील रामगढ़ शेखावटी जिला सीकर राज. ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1950 की धारा 17(1) के अन्तर्गत महात्मा शेरनाथ जी गौशाला समिति, श्री नाथ जी का आश्रम, ग्राम रूकनसर, तहसील रामगढ़ शेखावाटी, जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जाचं की जा रही है। में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां। यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रासित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 07.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 11.03.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवास्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.
Office Telephone No. 01561-240245 , E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./2024/4972-76 दिनांक :-03.01.2025

ई- निविदा सूचना 8/2024-25

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षैत्र मे नगरपालिका तारानगर स्वीकृत कार्य ऑन लाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका,राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 03.01.2025 से दिंनाक 21.01.2025 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No DLB2425A4756
Amount :-73.92 Lakh

राज.संवाद/सी/24/9950

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका तारानगर

साधारण सभा में हाई मास्क लाइटों को बदलकर नई लगाने की उठी मांग

■ खेतड़ी नगर पालिका में साधारण सभा की बैठक का हुआ आयोजन

खेतड़ी , (निसं) । खेतड़ी नगर पालिका परिसर में मंगलवार को पालिका की साधारण सभा की बैठक आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष गीता देवी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर आगामी विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

बैठकमें पार्षद हरमेंद्र चनानिया ने बताया कि नगरपालिका की ओर से कस्बे के मुख्य स्थानों पर हाई मास्क लाइटें लगाई गई थी, जिनमें कुछ लाइटें खराब होने पर उन्हें ठीक नहीं करवाया गया, जिससे कई स्थानों पर अंधेरा हो रहा है। जिसको लेकर खराब लाइटें बदलकर नई लाइटें लगाई जाए। इसके अलावा कस्बे में सीवरेज के कार्य के दौरान कस्बे के अधिकांश स्थानों पर सड़कों का दुरतीकरण नहीं किया गया, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। ऐसे में सीवरेज ठेका कंपनी को निर्देश देकर जल्द सड़कों को दुरुस्त करवाया जाए। पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने बताया कि खेतड़ी के विकास को लेकर नगरपालिका की ओर से बेहतर कदम उठाए जा रहे है। खेतड़ी रियासत कालीन समय में पूरे विश्व में विख्यात थी, लेकिन धीरे-धीरे खेतड़ी का अस्तित्व खतरे में आ गया था। सरकारों की उदासीनता के चलते खेतड़ी पर्यटन के रूप में विकसित नहीं हो पाई। अब खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है तथा जल्द ही खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित कर क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। स्वामी विवेकानंद व राजा अजीत सिंह की प्रेरणा से खेतड़ी विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खेतड़ी का ऐतिहासिक अजीत विवेक संग्रहालय युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

इस दौरान नगरपालिका का विस्तार होने के साथ राजोता, नानूवाली बावड़ी व बीलवा रोड़ पर मुख्य द्वार बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरानबैठकमें ईओ नागरमल गुर्जर, लीलाधर सैनी, राहुल सैनी, मोहन राजोरिया, सुगनचंद, गोकुलचंद, वेणी शंकर, अरूण, पार्षद सुनीता देवी, निर्मला देवी, मोहम्मद हारून, सुनीता देवी, हरमेन्द्र चनानिया, प्रियंका देवी, सोनी देवी, रामकला यादव, संगीता वर्मा, संतोष देवी, नगेंद्र सिंह सोढा, मोहनलाल सैनी, कृष्ण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

पालिका अध्यक्ष गीता देवी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई ।

खेलकूद प्रतियोगिता आज से

सादुलपुर, (निसं)। स्व कोच मनोज कुमार पूनिया की तृतीय पुण्य तिथि पर आदर्श स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडेमी, झुंझुनू पिलानी बाई पास पर राजगढ में छात्र-छात्रा वर्ग की अलग-अलग रेस (दौड) 08 जनवरी को होगी। छात्र वर्ग 1600 मीटर रेस में प्रथम को 2100, द्वितीय को 1100 व तृतीय को 500 रुपये नगद दिए जाएंगे। उधर 400 मीटर रेस में प्रथम 1100, द्वितीय 500 व तृतीय को 300 रुपये मिलेंगे। तथा छात्रा वर्ग में 1500 मीटर में प्रथम को 2100 रुपये द्वितीय को 1100 रुपये तथा तृतीय को 500 रुपये दिए जाएंगे। कृष्ण पूनिया जनाऊ ने बताया कि छात्रा वर्ग 200 मीटर दौड में प्रथम 1100, द्वितीय 500 तथा तृतीय 300 रुपये मिलेंगे।कोच जेपी पूनिया ने बताया कि बूढा दौड भी होगी जिसका इनाम हुक्का व कली आदि प्रदान किये जायेंगे। दिवंगत मनोज कुमार पूनिया की पुण्य स्मृति में आयोजित इस दौड प्रतियोगिता में बालक बालिकाएं उत्साह से भाग लेंगे। ये प्रतियोगिता आदर्श स्पोर्ट्स एवं डिफेंस एकेडेमी में प्रात: 11 बजे होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

हॉल्ट एजेंट हेतु आमंत्रण सूचना

निविदा सं.: 91 आर बी /हॉल्ट एजेंट / नोटिस / 2025, दिनांक 06.01.2025.

कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु जन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन के संचालन हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए हॉल्ट स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से, जो उस जिले के निवासी हो, जिसमे हॉल्ट स्टेशन स्थित है, तथा जो कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट के रूप में कार्य करने के इच्छुक हो, से आवेदन पत्र